**Title**: Need to provide funds to Government of Bihar for renovation of sun temples.

**डॉ. संजय पासवान (नवादा) :** सभापति महोदय, बिहार राज्य उपासना हेतु विख्यात है जहां लाखों श्रद्धालू 'छठ पर्व' के अवसर पर भगवान सूर्य को अर्ध्य देकर उनकी पूजा करते हैं। यहीं के मध्य बिहार के पटना के 'उलार' औरंगाबाद जिला में 'देव' नालंदा जिला में 'बरगांव' 'औंगारी' नवादा जिला के 'हड़िया' एवं गया में 'सूर्यकुण्ड' नामक स्थान पर प्राचीन सूर्य मंदिर अवस्थित हैं जो काफी जीर्ण अवस्था में हैं. उक्त सूर्य मंदिरों में कुछ मंदिर तो विश्व प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर से भी पुराने हैं। अतः इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि उक्त प्राचीन सूर्य मंदिरों का जीर्णोद्धार करके इस क्षेत्र का 'सन टैम्पल सर्किट' के रूप में विकसित किया जाये जिससे देश विदेश के श्रद्धालू यहां आ सकें। साथ ही इटली सरकार द्वारा प्रस्तावित सन टैम्पल हेतु दिये जाने वाली आर्थिक सहायता को भी इन मंदिरो के जीर्णोद्धार एवं प्रस्तावित 'सन टैम्पल सर्किट' के विकास, प्रसार एवं प्रचार में करने की आवश्यकता है। इस निमित राज्य सरकार को समुचित धन उपलब्ध कराया जाये।